भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †5772
सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड रिपॉजिटरी

†5772. डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:
श्री अरुण भारती:
श्रीमती शांभवी:
श्री राजेश वर्मा:
डॉ. लता वानखेड़े:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड रिपॉजिटरी के व्यापक कार्य-क्षेत्र और इसकी तकनीकी संरचना का ब्यौरा क्या है;

(ख) डिजिटल रूप से प्रलेखित और जीओ-टैग किए गए सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों की कुल संख्या का, विशेषकर आंध्र प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के संबंध में, ब्यौरा क्या है;

(ग) साक्ष्य-आधारित आयोजना हेतु राज्यों, स्थानीय निकायों और पर्यटन उद्‌यमों के लिए स्थापित बहु-स्तरीय पहुँच तंत्र का ब्यौरा क्या है;

(घ) गंतव्य प्रबंधन के संबंध में रीयल-टाइम जानकारी और वहन क्षमता के पूर्वानुमान उपलब्ध कराने वाली एआई-आधारित विश्लेषणात्मक क्षमताओं का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या वैश्विक पर्यटन प्लेटफार्मों के साथ ग्रिड एकीकरण हेतु 'इंटरऑपरेबिलिटी' मानक विकसित किए गए हैं और यदि हां, तो डेटा साझा करने के प्रोटोकॉल और गोपनीयता सुरक्षा उपायों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड रिपॉजिटरी, बजट घोषणा 2026-27 का एक हिस्सा है और इसका नेतृत्व संस्कृति मंत्रालय कर रहा है। संस्कृति मंत्रालय ने सूचित किया है कि नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड रिपॉजिटरी के दायरे, तकनीकी संरचना और प्रमुख विशेषताओं को निर्धारित करने के लिए परामर्श और मूल्यांकन किए जा रहे हैं।

(ख) से (ङ): प्रश्न नहीं उठता।

*****